कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 31-03-2025

विषय:- थाना रामनगर क्षेत्रांतर्गत हुई सिक्योरिटी गार्ड की हत्या में वांछित 25 हजार का इनामिया अभियुक्त थाना रामनगर पुलिस द्वारा गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली व प्रभारी निरीक्षक रामनगर के नेतृत्व में थाना रामनगर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0- 61/2025, धारा- 103(1) बी0एन0एस0 थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी की घटना में वांछित 25 हजार रुपये का अभियुक्त शिवशंकर पटेल पुत्र लक्ष्मीशंकर पटेल निवासी ग्राम गजापुर पोस्ट बभनियांव थाना राजातालाब वाराणसी उम्र 32 वर्ष को गिरफ्तार कर हिरासत पुलिस में लिया गया।

घटनाक्रम का विवरण:- दिनांक 29.03.2025 को प्रातः लगभग 8 बजे थाना क्षेत्र की दुर्गा माता मंदिर स्थित 52 बीघा जंगल मे एक व्यक्ति उम्र 55 वर्ष का शव पडा हुआ मिला था। मृतक का नाम श्याम जी पटेल पुत्र स्व0 रघुनाथ निवासी गोरैया थाना अलीनगर जनपद चंदौली के रुप मे हुयी थी। दिनांक 28/03/2025 को रात्रि लगभग 7 बजे ड्यूटी के बाद अपने घर के लिये चले लेकिन घर नही पहुँचा दिनांक 29/03/2025 को प्रातः लगभग 8 बजे मृतक का शव 52 बीघा जंगल मे निकट दुर्गा मंदिर के पास मिला। हत्या के मामले में वांछित 25,000/- रूपये का इनामिया अपराधी शिवशंकर पटेल पुत्र लक्ष्मीशंकर पटेल निवासी ग्राम गजापुर पोस्ट बभनियांव थाना राजातालाब वाराणसी उम्र 32 वर्ष की पुलिस द्वारा लगातार सम्भावित स्थानों पर दबिश व गिरफ्तारी की प्रयास किया जा रहा था। इसीक्रम में दिनांक 31.03.2025 को अभियुक्त शिवशंकर पटेल उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त से पूछताछ का विवरण – अभियुक्त शिवशंकर पटेल पुत्र लक्ष्मीशंकर पटेल निवासी ग्राम गजापुर पोस्ट बभनियांव थाना राजातालाब वाराणसी उम्र 32 वर्ष पूछने पर बताया कि दिनांक 29/03/2025 को 52 बीघा झाड़ी में जो लाश मिली थी उनका लड़का राजकुमार का साढ़ू का लड़का मयंक मेरा दोस्त है। मयंक ने कहा कि एक आदमी को जान से मारना है जिसके 03 लाख रूपये मिलेगें। मयंक ने मेरी मुलाकात राजकुमार से करायी। राजकुमार ने कहा मैं बहुत परेशान हूँ मैने बहुत कर्ज ले लिया है मेरे पिता जी जमीन नही बेच रहे है यदि तुम मेरे पिता को मार दो तो जमीन मेरे नाम हो जायेगी और मै उस जमीन को बेचकर तुम्हे मारने के 3 लाख रूपये व अपना कर्ज भर दूंगा। उसके बाद हम तीनों दिनांक 28/03/2025 को दुर्गा मन्दिर के पास मिले योजना के अनुसार राजकुमार ने अपने पिता को दुर्गा मन्दिर के पास बुलाया जहां हम तीनो राजकुमार के पिता श्याम जी पटेल को 52 बीघा जंगल में सूनसान स्थान पर ले गये जहां मयंक ने उनका हाथ पकड़ा, राजकुमार पैर पकड़कर गिरा दिया और मैने गला दबाकर व ईट से चेहरे व कनपटी पर मारा इत्मिनान होने पर कि वह मर गया हम लोग श्याम जी पटेल की लाश को झाड़ियो में फेंककर भाग गये जब मैने सुना कि मयंक व राजकुमार पकड़े गये है तब मैं पकड़े जाने की डर से चन्दौली अपने परिचित के यहां जा रहा था कि आप लोगों ने पकड़ लिया।

अभियुक्त का आपराधिक इतिहास–

1. मु0अ0सं0- 0158/2017 धारा 392/411 भा0द0वि0 थाना भेलूपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. मु0अ0सं0- 0835/2019 धारा 379 भा0द0वि0 थाना भेलूपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3. मु0अ0सं0- 0665/2019 धारा 392/411 भा0द0वि0 थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
4. मु0अ0सं0- 0009/2017 धारा 392/411 भा0द0वि0 थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।
5. मु0अ0सं0- 0294/2017 धारा 41/411/414 भा0द0वि0 थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।
6. मु0अ0सं0- 0061/2025 धारा 103(1) /238(क) / 61(2)(क) बी0एन0एस0 थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।

गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान- दिनांक- 31/03/2025, स्थान- मोदी स्कूल के आगे थाना रामनगर वाराणसी।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1. शिवशंकर पटेल पुत्र लक्ष्मीशंकर पटेल निवासी ग्राम गजापुर पोस्ट बभनियांव थाना राजातालाब वाराणसी उम्र 32 वर्ष।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण -

1. प्र0नि0 राजू सिंह थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 श्री अमीर बहादुर सिंह चौकी प्रभारी कस्बा थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 श्री पंकज कुमार मिश्र थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
4. म0उ0नि0 सुजाता चटर्जी थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
5. का0 अश्विनी सिंह सर्विलांस सेल कमिश्नरेट वाराणसी।
6. का0 प्रशान्त तिवारी सर्विलांस सेल कमिश्नरेट वाराणसी।
7. का0 रणधीर गोड़ थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
8. का0 संदीप सिंह थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
9. का0 गौरव भारती थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
10. का0 शैलेन्द्र सिंह थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी।